दिनांकः 18.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- **केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नकली कीटनाशक, उर्वरक और बीज बनाने वाली कम्पनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर ज़ोर दिया।**
- **राज्य में गिवअप अभियान के तहत अब तक 26 लाख से ज्यादा लाभार्थियों ने नाम हटवाए–लगभग 53 लाख लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया।**
- **प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे दवा वितरण योजना का लाभ देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा।**
- **राज्य के पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश का सिलसिला जारी–पश्चिमी भागों में गर्मी का असर बढ़ा।**

-----------------

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नकली कीटनाशक, उर्वरक और बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कम्पनियों के खिलाफ देश में एक अभियान शुरू किया जाएगा। श्री चौहान ने मध्यप्रदेश के छीरखेड़ा गांव में नकली कीटनाशक और खाद की वजह से सोयाबीन की फसलों को हुए नुकसान का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत भी की। कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद–बीज किसानों के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलें खराब होने को गंभीरता से लिया जाएगा।

-----------------

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने श्री राधाकृष्णन को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि श्री राधाकृष्णन की लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव राष्ट्र को समृद्ध करेगा।

-----------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से हथकरघा उत्पाद खरीदने और अपनी स्टोरी माय हैंडलूम, माय प्राइड और माय प्रोडक्ट माय प्राइड के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को कहा है। इस अभियान का उद्देश्य देश की हथकरघा विरासत के प्रति सम्मान बढाना और स्थानीय हस्तशिल्पियों तथा बुनकरों की पहुंच बढ़ाना है।

-----------------

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आज नई दिल्ली में मुलाकात की। संसद भवन में हुई इस भेंट के दौरान कोटा में भामाशाह मंडी विस्तार को लेकर बातचीत हुई। इसके साथ ही कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र के विकास को लेकर भी चर्चा की गई।

-----------------

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान श्री शेखावत ने जोधपुर से दिल्ली के बीच नई वंदे भारत ट्रेन चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे जोधपुर के साथ ही जयपुरवासियों को भी फायदा मिल सकेगा। श्री शेखावत ने ये रेल सुविधा जोधपुर से सुबह जल्दी चलाने और उसी दिन शाम दिल्ली से जोधपुर वापसी करने के लिए भी अनुरोध किया। इस पर रेलमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस पर जल्द ही निर्णय किया जाएगा।

-----------------

राज्य में गिवअप अभियान के तहत अब तक 26 लाख से ज्यादा सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। वहीं 27 लाख से अधिक लोगों का नाम ई–केवाईसी नहीं करवाने के कारण योजना से हटा दिया गया है। इस पर और ब्यौरा सुनिये हमारे सहयोगी सुदर्शन नाहर से –

-----------------

राजस्थान 6 करोड़ 20 लाख आभा आई बनाकर देश में दूसरे स्थान पर है। इसके साथ ही 1 करोड़ 68 लाख से ज्यादा आभा लिंक्ड ई–हेल्थ कार्ड भी बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान ये जानकारी दी। श्री शर्मा ने बैठक में अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे दवा वितरण योजना का लाभ देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने के निर्देश दिये।

-----------------

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत राजस्थान को 4 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी की है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि खुरपका, मुंहपका, ब्रुसेला और अन्य रोगों के नियंत्रण के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। श्री कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम के लिए भी राज्य को 4 करोड़ 8 लाख रुपये की अनुदान राशि मिली है।

-----------------

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजसमंद प्रवास के दौरान आज आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भोप जी की भागल गांव में केन्द्र का जायजा लेने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने बच्चों की दी जा रही सुविधाओं, पोषण, साफ–सफाई और शिक्षण गतिविधियों को देखा। दिया कुमारी ने बच्चों से बातचीत भी की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की मंशा है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों का विकास प्राथमिकता से किया जा रहा है।

-----------------

भरतपुर के रूपवास में आज एक पिकअप के पलटने से करीब 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इन्हें आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चक सामरी गांव के रहने वाले ये सभी लोग दर्शन के लिए वैष्णव देवी जा रहे थे।

-----------------

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग कल से प्रदेश के दौरे पर रहेगा। दो दिन की इस यात्रा के दौरान आयोग राज्य सरकार, पुलिस के आला अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अनुसूचित जाति के कल्याण से जुड़ी संस्थाओं के साथ चर्चा करेगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने बताया

कि इस दौरान आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना सदस्यों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही आयोग जामडोली परिसर में एससी छात्रों के लिए बने छात्रावास का भी निरीक्षण करेगा।

-----------------

सिरोही जिले के आदिवासी क्षेत्रों में पाई जाने वाली पारम्परिक वन उपज कंकोड़ा से महिलाएं अब अचार तैयार कर रही हैं। राजीविका और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ये पहल की गई है। पिंडवाड़ा उपखंड अधिकारी मनसुख डामोर ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किया जा रहा ये अचार स्थानीय बाजार में लोकप्रिय हो रहा है। इसके साथ ही अन्य जिलों तक भी इसकी पहुंच बढ़ी है।

-----------------

पाली जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर आपराधिक प्रवृति के लोगों, तस्करों और हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि इसके साथ ही परिवादियों से सुनवाई के बाद पुलिस की ओर से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

-----------------

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश का सिलसिला बना है। हालांकि पश्चिमी राजस्थान में मॉनसून के कमजोर पड़ने से गर्मी का असर बढ़ गया है। जैसलमेर में पारा पिछले 2–3 दिनों से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया जा रहा है। वहीं बाड़मेर, जोधपुर, फलौदी, जालौर, श्रीगंगानगर, बीकानेर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रिकॉर्ड हो रहा है। सीकर, अलवर, चित्तौड़गढ़ और जयपुर सहित कई स्थानों पर दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी राजस्थान के कई जिलों में अगले तीन–चार दिन बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। आज 27 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट बताया गया है।

-----------------

रामदेवरा मेले में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन विशेष तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन को साफ–सुधरा रखने के लिए भी खास इंतज़ाम किये जा रहे हैं। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने आज रामदेवरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए दो रेल शुरू की गई हैं। वहीं अगले कुछ दिनों में इनकी संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

-----------------